Live Smart

AKSH

AKSH OPTIFIBRE LIMITED

A-32, 2nd Floor,
Mohan Co-operative Industrial Estate, Mathura Road, New Delhi-110044, INDIA
Tel.: +91-11-49991700, 49991777
Fax: +91-11-49991800
Email : aksh@akshoptifibre.com
Website : www.akshoptifibre.com
CIN NO.: L24305RJ1986PLC016132

August 16, 2026

To,

Sr. General Manager **National Stock Exchange of India Ltd** Exchange Plaza, 5th Floor, Plot No. C/1, G Block, Bandra Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai- 400 051. **NSE Symbol: AKSHOPTFBR**	**Sr. General Manager** **BSE Ltd** Phirozee Jeejeebhoy Towers, Dalal Street, Mumbai- 400 001 **BSE Scrip Code: 532351**

Dear Sir/Ma'am,

Sub: Copy of Newspaper Publication of Unaudited Financial Results (Standalone & Consolidated) for the quarter ended June 30, 2026

With reference to the captioned subject and in accordance with Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulation, 2015, please find enclosed copies of Newspaper Publication containing a Quick Response Code and the details of webpage where the complete Unaudited Financial Results (Standalone & Consolidated) for the quarter ended June 30, 2026 of the Company, published on August 15, 2026, in "The Financial Express" and "Lokmat".

You are requested to take the same on records.

Thanking You,

For Aksh Optifibre Limited

Mayank Chadha Digitally signed by Mayank Chadha Date: 2026.08.16 21:03:14 +05'30'

Mayank Chadha
Company Secretary & Compliance Officer
M. No.: F13404

Encl.: a/a

"IMPORTANT"

Whilst care is taken prior to acceptance of advertising copy, it is not possible to verify its contents. The Indian Express (P) Limited cannot be held responsible for such contents, nor for any loss or damage incurred as a result of transactions with companies, associations or individuals advertising in its newspapers or Publications. We therefore recommend that readers make necessary inquiries before sending any monies or entering into any agreements with advertisers or otherwise acting on an advertisement in any manner whatsoever.

घोड़ी पर बैठाकर लाया गया विधायक भांबू को आयोजन स्थल, जमकर हुई आतिशबाजी

विधायक राजेंद्र भांबू ने वार्ड 24 को दी 2.14 करोड़ रूपए की सौगातें, शहर में जल निकासी के लिए बनेगा ड्रेनेज सिस्टम, खर्च होंगे 97 करोड़ : भांबू

■ लोकमत , झुंझुनूं

शहर के वार्ड नंबर 24 में विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू ने कई बड़ी घोषणाएं कीं। विधायक राजेंद्र भांबू ने कहा कि सुलताना में 10 हेक्टेयर जमीन पर यमुना जल के लिए बड़ा स्टोरेज टैंक-डिग्गी बनाई जाएगी। वहीं अगले 6 से 12 महीने में झुंझुनूं नगर परिषद क्षेत्र की कोई भी गली सड़क से वंचित नहीं रहेगी। वार्ड 24 के मंच से विधायक राजेंद्र भांबू ने कहा कि आने वाले 6 से 12 महीनों में झुंझुनूं नगर परिषद का कोई भी इलाका बिना सड़क के नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि शहर की सभी गलियों में सड़क निर्माण करवाया जाएगा और कोई भी क्षेत्र बाकी नहीं रहेगा। विधायक ने झुंझुनूं की सबसे बड़ी समस्या जल निकासी को बताते हुए कहा कि पानी की निकासी, सीवर लाइन और वेस्ट वाटर मैनेजमेंट से जुड़े कार्यों के लिए राजस्थान सरकार की ओर से 97 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। विधायक ने एक और बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि हवाई पट्टी चौराहे के पास बन रही सीसी रोड के बाद रोड नंबर 3 का पूरा हिस्सा वॉल-टू-वॉल विकसित किया जाएगा। दोनों तरफ बेहतर सेक्शन के साथ ड्रेनेज सिस्टम बनाया जाएगा और उसे फेरो कवर से ढका जाएगा। कलेक्ट्रेट सर्किल से आगे पानी की निकासी की व्यवस्था की जाएगी। भांबू ने कहा कि यह काम स्वीकृत हो चुका है। कार्यक्रम में वार्ड नंबर 24 में 2.14 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। इनमें 1.18 करोड़ रुपए से अधिक के कार्यों का लोकार्पण तथा करीब 95.93 लाख रुपए के कार्यों का शिलान्यास शामिल है। कार्यक्रम से पहले विधायक राजेंद्र भांबू को घोड़ी पर बैठाकर आयोजन स्थल तक

लाया गया। इस दौरान वार्डवासियों ने फूलों की बारिश और आतिशबाजी के साथ उनका स्वागत किया। इसी महीने विधायक का जन्मदिन होने के चलते वार्डवासियों ने कार्यक्रम में केक काटकर उनका जन्मदिन भी मनाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वार्डवासी और महिलाएं मौजूद रहीं। आयोजन के दौरान भाजपा कार्यकर्ता एवं अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के युवा जिलाध्यक्ष रवि गुप्ता सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पत्रकारों से बातचीत में विधायक राजेंद्र भांबू ने कहा कि वार्ड 24 में स्थानीय स्तर पर लगातार विकास कार्य करवाए जा रहे हैं और नगर परिषद के माध्यम से हुए कार्यों की लागत करीब सवा दो करोड़ रुपए है। उन्होंने कहा कि वार्डवासियों में विकास कार्यों को लेकर उत्साह है। भांबू ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए आभार जताते हुए कहा कि तीन ब्रिज, ऑडिटोरियम, सैनिकों के लिए मल्टी-कॉम्प्लेक्स एवं वॉर म्यूजियम तथा यमुना जल जैसी परियोजनाओं पर काम आगे बढ़ा है। झुंझुनूं नगर परिषद सभापति पद के सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित होने पर विधायक भांबू ने कहा कि इससे सामान्य वर्ग के लोगों को चुनाव लड़ने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि कई बार आरक्षण में सामान्य वर्ग की सीट नहीं आने से लोग खुद को उपेक्षित महसूस करते थे, लेकिन इस बार सामान्य वर्ग की सीट आने से ऐसे लोगों में उत्साह है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में हर नागरिक को चुनाव लड़ने और जनप्रतिनिधि बनने का अवसर मिलना चाहिए। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने आगामी नगर परिषद चुनाव में भाजपा का बोर्ड बनाने और प्रत्येक वार्ड में भाजपा प्रत्याशियों को जिताने का संकल्प भी जताया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक राजेंद्र भांबू रहे, जबकि भाजपा कार्यकर्ता एवं अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के युवा जिलाध्यक्ष रवि गुप्ता सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे। अंत में हर घर तिरंगा अभियान के तहत 700 तिरंगों का वितरण किया गया। ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ स्वागत, गुप्ता को बताया-विकास पुरूष आयोजन स्थल गाड़िया टाउन हॉल पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने विधायक राजेंद्र भांबू को घोड़ी पर बैठाकर भव्य जुलूस निकाला। रास्ते भर पुष्प वर्षा और आतिशबाजी की गई। इस अवसर पर वार्डवासियों ने विधायक का अग्रिम जन्मदिन मनाते हुए केक भी काटा। नगर परिषद चेयरमैन पद की लॉटरी सामान्य वर्ग की निकलने पर विधायक ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी वर्गों के नागरिकों को समान भागीदारी और प्रतिनिधित्व का अवसर मिलेगा। इस मौके पर उन्होंने रवि गुप्ता को विकास पुरूष बताया और कहा कि वार्ड 24 के विकास के लिए रवि गुप्ता ने जो मेहनत की है। यहां के लोगों का आशीर्वाद उस मेहनत में और अधिक ऊर्जा भरेगा। इन कार्यों का हुआ लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम में विधायक राजेंद्र भांबू ने नव निर्माण श्री बालाजी पार्क कमल बिहार व पुर्ननिर्माण कार्य मोदियों की जाव पार्क 27.55 लाख, अंकुर टीबड़ेवाल से मोदी रोड 28.55 लाख, केडिया भवन से मोदी रोड शांता प्रेस सीसी रोड 30.65 लाख, लोकेश अग्रवाल के घर के सामने सीसी रोड 6.06 लाख तथा प्रमोद महमिया के घर से सपना राणासरिया के घर तक सीसी रोड 25.30 लाख रूपए के कार्यों का लोकार्पण किया। वहीं वार्ड नं. 24 में विभिन्न स्थानों पर नाली निर्माण कार्य मोदियों की जाव 17.71 लाख, भावना मिश्रा के घर से राजेश गुप्ता के पास सुनील टीबड़ा से महावीर के घर व अन्य स्थानों पर सीसी रोड 49.03 लाख तथा राजेन्द्र कुमावत से पंकज सराफ के नोहरे तक व दीप वाटर पार्क राजेन्द्र शर्मा तक सीसी रोड व नाली 29.19 लाख रूपए के कार्यों का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में इनकी रही मौजूदगी इस कार्यक्रम में लांयस क्लब के पूर्व प्रांतपाल लॉयन एवं वरिष्ठ कर सलाहकार श्रवण केजड़ीवाल, अग्रवाल समाज समिति के अध्यक्ष गणेश हलवाई चिड़ावावाला, श्रवण बेनीवाल, मोहनलाल राणासरिया, गौरीशंकर मोरवाल, जगदीश, बिहारीलाल सैनी, देवकरण गुरूजी, डॉ. अनिल महलावत, प्रहलाद अग्रवाल, जुगलकिशोर मोदी, गुलजारीलाल शर्मा वेदजी, जुगल पाटोदिया, अशोक गोयनका, विनोद गोयनका, संजीव गोयनका, सौरभ जोशी, महेंद्र शर्मा ढाणीवाला, नरेंद्र शर्मा, जुगलकिशोर हलवाई, गंगाधर हंसासरिया, राधेश्याम मोरवाल, विनोद टीबड़ा, संजीव मोटसरा, देवकीनंदन शर्मा, विनोद स्वामी, किशन रोहिला, वशिष्ठ शर्मा, दीपक-संजय शुक्ला, रवि, सुधा शर्मा, अनिल राणासरिया, सपना राणासरिया, भावना मिश्रा, चांदनी रोहिला, पारूल अग्रवाल, संगीता आर्य, जय प्रेमजानी, मंजू, श्याम शर्मा, रचिन केजड़ीवाल, आनंद अग्रवाल, केतन गाडिया, प्रमोद महमिया, ऋषि अग्रवाल, निलेश टीबड़ा, आकाश सैनी, पंकज रोहिला, संदीप गोयल, मनोज सिंधी, विकास शर्मा, मुरलीधर केडिया, डॉ. रविंद्र शेखावत आदि मौजूद थे।

हवामहल विधायक स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज के नेतृत्व में विकास को नई गति, 5.32 करोड़ के सड़क निर्माण कार्यों का हुआ शिलान्यास

■ लोकमत , जयपुर

हवामहल विधानसभा क्षेत्र में सड़क एवं मूलभूत सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हवामहल विधायक स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज के नेतृत्व में कुल ?5 करोड़ 32 लाख की लागत से विभिन्न सीसी सड़क निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया गया। इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से हजारों क्षेत्रवासियों को बेहतर सड़क सुविधा, सुगम आवागमन एवं सुरक्षित यातायात का लाभ मिलेगा। शास्त्री नगर में ?2.82 करोड़ के सड़क निर्माण कार्य पुराने वार्ड संख्या 17 एवं 18 (नवीन वार्ड संख्या 145 एवं 144), शास्त्री नगर में लगभग ?2 करोड़ 82 लाख की लागत से विभिन्न स्थानों पर सीसी सड़क निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया गया। इसके अंतर्गत पट्टियों

की टाल चौराहा, शिव शक्ति कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड, पावर हाउस रोड एवं व्यास कॉलोनी के विभिन्न स्थानों पर सीसी सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। वार्ड 20 में 1.58 करोड़ के सड़क कार्य पुराने वार्ड संख्या 20 (नवीन वार्ड संख्या 139) में ?1 करोड़ 58 लाख की लागत से स्वीकृत विभिन्न सीसी सड़क निर्माण कार्यों का भी शिलान्यास किया गया।

बदहाल सड़कों के कारण हुए हादसे को लेकर एसडीएम कार्यालय के आमने दिया धरना संपत ज्ञापन

■ लोकमत , चिड़ावा

शहर में खस्ता हाल सड़कों और हाल ही में हुई एक महिला की मौत के विरोध में स्थानीय नागरिकों ने प्रदर्शन किया। नागरिकों ने एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना दिया और नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। यह प्रदर्शन चिड़ावा बाईपास पिलानी मार्ग की दयनीय स्थिति के खिलाफ था। पिलानी रोड पर गहरे गड्ढों के कारण 12 अगस्त को एक रिक्शा पलट गया था। इस हादसे में बबीता लाटा की मौत हो गई थी। इस घटना ने प्रशासन की लापरवाही को उजागर किया। प्रदर्शनकारी नागरिकों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। उनका आरोप है कि प्रशासन और संबंधित विभागों की लापरवाही से लगातार हादसे हो रहे हैं। उन्होंने सभी खराब सड़कों के तत्काल सुदृढ़ीकरण, खतरनाक स्थान पर सुरक्षा संकेत लगाने और मृतका के परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की। इस विरोध

प्रदर्शन में महेश शर्मा आजाद, अनिल शर्मा भारती, एडवोकेट शीशराम, सुभाष चंद्र व्यास, प्रवीण वर्मा और अजय सोनी सहित कई जागरूक नागरिक शामिल थे।

उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सड़कों को दुरस्त नहीं किया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। इसी क्रम में सामाजिक एकता मंच ने भी खस्ताहाल सड़कों को सुधारने की मांग को लेकर एक अलग ज्ञापन दिया।

इस दौरान मंच के अध्यक्ष सीताराम पवार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश बसवाला, शिव प्रकाश, मोतीलाल, विक्रम कुमावत, एडवोकेट लालचंद गोठवाल और जयकरण सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

न्यू राजस्थान में हरियाली तीज पर मेहन्दी प्रतियोगिता का आयोजन

■ लोकमत , झुंझुनूं

स्थानीय गणपति नगर स्थित न्यू राजस्थान बालिका पी.जी. महाविद्यालय में एन.एस.एस. की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में 14 अगस्त 2026 को हरियाली तीज के उपलक्ष्य में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर छात्राओं ने एक से बढ़कर एक, सुंदर मेहंदी लगाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया और छात्राओं ने हर्सोल्लास के साथ झुला-झुलते हुए हरियाली तीज का उत्सव मनाया। निर्णायक मंडल द्वारा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर छात्रा सलीना, द्वितीय स्थान पर मुस्कान एवं तृतीय स्थान पर मोनिका व वंदना ने प्राप्त किया। संस्था संरक्षिका विनोद ढूकिया, महाविद्यालय प्राचार्य व एन.एस.एस. प्रभारी ने सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। संस्था सचिव

पीयूष ढूकिया ने सभी छात्राओं को हरियाली तीज की बधाई दी और छात्राओं को बताया कि हरियाली तीज के पर्व का विशेष महत्व है, यह त्योहार जहां एक ओर मनुष्य को प्रकृति से जोड़ता है, वहीं दूसरी ओर पारिवारिक सुख समृद्धि हेतु भगवान शिव व माता पार्वती की आराधना से जोड़ता है। संस्था सचिव ढूकिया ने सभी छात्राओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से छात्राओं में क्रियाशीलता, सर्जनात्मकता, एकाग्रता एवं मिलकर कार्य करने की क्षमता का विकास होता है एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुमन जानू ने सभी छात्राओं को हरियाली तीज की बधाई दी और कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से आपस में एकता का संचार होता है साथ ही हमें अपनी संस्कृति को मजबूत बनाने की इच्छा जागृत होती है। इस अवसर पर एन.एस.एस. प्रभारी पिंकेश समस्त स्टाफ सदस्य एवं छात्राऐं उपस्थित रहे।

तीज माता की ऐतिहासिक शाही सवारी 15 को

तीज पर्व की धूम सिंजारे से शाही सवारी तक, झूलों पर सजा लहरिया-घेवर की रौनक

■ लोकमत , सीकर

लोक आस्था, राजसी परंपरा और राजस्थानी संस्कृति के अनूठे रंगों को समेटे तीज का पर्व सीकर में धूमधाम से मनाया जाएगा। हरियाली तीज से एक दिन पूर्व सिंजारा पर्व के साथ त्योहार की शुरुआत होगी, वहीं तीज के दिन 15 अगस्त को तीज माता की ऐतिहासिक शाही सवारी निकाली जाएगी। शुक्रवार को शहर के बाजार सिंजारे की खरीदारी, घेवर की मिठास और लहरिया परिधानों की चकाचौंध से गुलज़ार हैं। **सिंजारा रिश्तों की मिठास और पारंपरिक श्रृंगार का प्रतीक:** आनन्द नगर निवासी एड. तृप्ति त्रिपाठी सिखवाल ने बताया की सिंजारा दूज के अवसर पर

नवविवाहिताओं और सगाई हो चुकी युवतियों के घर ससुराल पक्ष से सिंजारा भेजने की प्राचीन परंपरा है। इस बार सिंजारे में घेवर, मिठाई, मेहंदी, चूड़ियाँ, नए वस्त्र और सोलह श्रृंगार की संपूर्ण सामग्री शामिल है। महिलाओं में मेहंदी लगाने, चूड़ियाँ पहनने और पारंपरिक श्रृंगार को लेकर विशेष उत्साह है। खास बात यह कि सिंजारा केवल श्रृंगार और खान-पान का पर्व नहीं, बल्कि यह पीहर और ससुराल के बीच प्रेम, अपनापन और रिश्तों की मिठास का प्रतीक माना जाता है। परंपरा के अनुसार, नवविवाहिता का पहला सिंजारा ससुराल से आता है, जबकि अगले वर्षों में पीहर पक्ष अपनी बेटी के ससुराल सिंजारा भेजता है।

झूलों पर सजा त्योहार, महिलाओं ने बांधा समां: तीज का पर्व सुहागिन महिलाओं के लिए खास महत्व रखता शहर के विभिन्न इलाकों, सामुदायिक बागों और निजी आंगनों में रंग-बिरंगे झूले सजाए गए हैं।

पूर्व चेयरमैन सुमित्रा सैनी की बढ़ सकती है मुश्किलें

डीएलबी के शासन सचिव ने दिए जांच के आदेश, डीडीआर से कहा- सात दिन में जांच कर पेश करें रिपोर्ट

■ लोकमत , चिड़ावा

निकाय चुनावों से ठीक पहले झुंझुनूं जिले की चिड़ावा की स्थानीय राजनीति में बड़ा राजनीतिक व प्रशासनिक भूचाल आ गया है। चिड़ावा नगरपालिका की पूर्व चेयरमैन सुमित्रा सैनी के कार्यकाल के दौरान हुए कथित भ्रष्टाचार, वित्तीय अनियमितताओं, नियम विरुद्ध भूमि रूपांतरण और राजस्व हानि के गंभीर मामलों की अब उच्च स्तरीय जांच होगी। ओजटू निवासी सतपाल डांगी द्वारा सुमित्रा सैनी के पूरे कार्यकाल के खिलाफ विभिन्न अनियमितताओं के ठोस साक्ष्यों के साथ विस्तृत

शिकायत शासन सचिव को सौंपी गई थी। इस शिकायत को बेहद गंभीरता से लेते हुए स्वायत्त शासन विभाग के शासन सचिव रवि जैन ने त्वरित रुख अपनाया है। शासन सचिव रवि जैन ने उप निदेशक (क्षेत्रीय) यानी डीडीआर को सख्त निर्देश जारी करते हुए मामले की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच करने के आदेश दिए हैं। शासन सचिव ने लिखित टिप्पणी में स्पष्ट रूप से 7 दिनों में जांच कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का समय तय किया है। स्थानीय निकाय विभाग की जांच टीम किसी भी समय चिड़ावा नगरपालिका पहुंचकर फाइलों का रिकॉर्ड खंगाल सकती है और संबंधित स्थलों का मौका-मुआयना कर सकती है। यदि जांच में लगाए गए आरोप सिद्ध होते हैं, तो न केवल दोषी अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों पर कानूनी कार्रवाई होगी। बल्कि अनुचित भुगतानों की रिकवरी भी की जाएगी। चुनाव से ठीक पहले शुरू हुई इस जांच ने चिड़ावा के राजनीतिक गलियारों में खलबली मचा दी है। शिकायत में चार प्रमुख मामलों को लेकर जिक्र किया गया है। जिसमें आरटीपीपी एक्ट के प्रावधानों को दरकिनार कर चहेते ठेकेदारों को बीएसआर दरों से काफी अधिक रेट पर काम देने तथा कई स्थानों पर बिना सड़क-नाली निर्माण के करोड़ों रुपये का भुगतान उठाने के गंभीर आरोप हैं।

जयपुर के ब्राइड एंड ग्रूम स्टोर पर हुआ 'दी रॉयल वाओज' का भव्य फैशन शोकेस, लेटेस्ट वेडिंग कलेक्शन रेंज हुई शोकेस

■ लोकमत , जयपुर

जयपुर के फैशन और वेडिंग लाइफस्टाइल सेगमेंट में वैवाहिक परिधानों के ट्रेंडी कलेक्शन को शोकेस करने के लिए राजा पार्क स्थित ब्राइड एंड ग्रूम स्टोर की ओर से एवं एरिस इंडिया के सहयोग से फैशन इवेंट 'दी रॉयल वाओज' का आयोजन बड़े ही भव्य तरीके से किया गया।

OFFICE OF THE PRINCIPAL, RNT MEDICAL COLLEGE & CONTROLLER ASSOCIATED GROUP OF HOSPITALS, UDAIPUR (RAJ.)

No. RNT/Pur-I/F.16/(e-Tendering Proc)/2025-26/1574 Dated:-06.08.2026

Notice Inviting Bid No.07/2026-27(e-Tender)

Bids for Medical Equipments are invited from interested bidders upto Date:- 27.08.2026 Time:- 03.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state. Estimated Cost - 135.00 Lac

UBN- MCU2627GLOB00053, MCU2627GLOB00054

DIPR/C/14404/2026

PRINCIPAL & CONTROLLER

राजस्थान सरकार

कार्यालय निदेशक, पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, राजस्थान जयपुर

(दूरभाष नं. 0141-2820360, email-dirarch@rajasthan.gov.in)

क्रमांक : पु.सं./स्मा./मेटल शॉप/आमेर/2026/18956 दिनांक :- 10/8/2026

निविदा सूचना

राजकीय संग्रहालय व महल आमेर में पर्यटकों की सुविधार्थ मेटल, वुडन, लेदर एवं स्टोन शॉप की उपलब्धता एवं संचालन के लिए इच्छुक और पात्र कंपनी/फर्म/व्यक्तियों/ से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। बोली का विस्तृत विवरण http://museumsrajasthan.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in & http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

AMD2627SLOB00068

DIPR/C/14601/2026

निदेशक

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग विद्युत खण्ड भरतपुर

अल्पकालीन निविदा सूचना सं0 12 / 2026-27

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से मय दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिलिटी पीरियड) शर्त सहित सा. नि. वि. विद्युत राजस्थान जयपुर में उपयुक्त विद्युत श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डरिंग प्रक्रिया में ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

निविदा से संबधित विवरण इन्टरनेट साईट www.pwd.rajasthan.gov.in, www.dipr.rajasthan.gov.in पर एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर भी उपलब्ध हैं।

S.No.	NIB No.	UBN No.
1	PWD2627A2131	PWD2627WSOB09560
2	PWD2627A2131	PWD2627WSOB09562

DIPR/C/14509/2026

अधिशाषी अभियन्ता
सानिवि विद्युत खण्ड भरतपुर

Office of the Executive Engineer,

Watershed Development & Soil Conservation khajuwala Bikaner

S.N.: 280-86 Date: 07/08/2026

NOTICE INVITINFG BID
NIB NO;- WSC2627A0906

On the behalf of Governor of Rajasthan, bids for the execution of Construction of Farm Pond & Tanka Works under MJSA, Projects of estimated value INR 446.62 Lakh as mentioned below are invited from interested bidders up to 19-08-2026, 06.00 PM. Other particularsof the bid may be visited the procurement portal or https//sppp.rajasthan.gov.in) of the state, and www.watershed.rajasthan.gov.in departmental website.

Bid No.	Block	Estimated Cost, (Rs.in lakhs)	UBN NO.
1	Poogal	66.28	WSC2627WSOB01657
2	Poogal	171.92	WSC2627WSOB01659
3	Poogal	117.07	WSC2627WSOB01661
4	Poogal	91.35	WSC2627WSOB01663

DIPR/C/14441/2026

[Shree Gopal Mohta]
Executive Engnieer
WDSC, Khajuwala

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, वृत, पाली।

क्रमांक: अअ/पाली/2026/1912 दिनांक: 07.08.2026

निविदा सूचना संख्या : 07 वर्ष 2026-2027

NIB No.PWD2627A2105

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से इस वृत के अधीन स्वीकृत विभिन्न कार्यो हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ईटेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन सम्पादित की जायेगी। कार्यवार यू.बी.एन संख्या निम्नानुसार है।

PWD2627WSOB09354	PWD2627WSOB09355	PWD2627WSOB09356
PWD2627WSOB09357	PWD2627WSOB09358	PWD2627WSOB09359
PWD2627WSOB09360	PWD2627WSOB09361	PWD2627WSOB09362
PWD2627WSOB09363	PWD2627WSOB09365	PWD2627WSOB09366
PWD2627WSOB09368	PWD2627WSOB09370	PWD2627WSOB09372
PWD2627WSOB09373	PWD2627WSOB09375	PWD2627WSOB09377
PWD2627WSOB09378		

DIPR/C/14550/2026

(दिलीप परिहार) अधीक्षण अभियन्ता,
सा.नि.वि. वृत, पाली।
मोबाईल 9414135835